आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 136 | छतरपुर, गुरूवार 12 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## अधोसंरचना विकास के साथ उपकरणों की उपलब्धता की जाये सुनिश्चित- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### चिकित्सा उपकरणों की खरीदी और ट्रांसफर पोर्टल की तैयारी की समीक्षा की



*परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल 11 दिसंबर। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधोसंरचना के विस्तार और अत्याधुनिक उपकरणों की खरीदी के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ये सेवाएं समय पर आम नागरिकों तक पहुँचे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में प्रदेश के विभिन्न जिला चिकित्सालयों और कैंसर अस्पतालों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा की।*

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि अधोसंरचना विकास के साथ-साथ आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग कर समयसीमा के भीतर उपकरण खरीदी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीटी स्कैन, एमआरआई, कैथलैब, पेट-स्कैन, लाईनैक, और ब्रेकी-थेरेपी जैसे उन्नत उपकरणों की खरीदी प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश के चिकित्सकीय संस्थानों में औषधि एवं कंज्यूमेबल की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उक्त सामग्री आवश्यकतानुसार संस्थानों में उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने ट्रांसफर पोर्टल की तैयारी की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सुविधाजनक और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। उन्होंने विभागीय स्तर पर पोर्टल को और अधिक दुरुस्त करने के निर्देश दिये ताकि ट्रांसफर प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी, एमडी एमपीपीएचएससीएल श्री मयंक अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 16 दिसम्बर को विधानसभा का घेराव करेगी कांग्रेस

### प्राचार्य हत्याकांड पर पहली बार बोले कांग्रेसी


छतरपुर। आगामी 16 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस भोपाल में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करते हुए विधानसभा का घेराव करने वाली है जिसको लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन खेलग्राम में किया गया। आयोजन के छतरपुर जिले के प्रभारी पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र राठौर ने




प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा का घेराव किया जाएगा। प्रदेश में किसानों पर हो रहे अत्याचार, खाद की कालाबाजारी और किल्लत, महिलाओं और बेटियों से दुष्कर्म, युवाओं की बेरोजगारी, पेपर लीक जैसे तमाम मुद्दों पर भाजपा सरकार से सवाल पूछा जाएगा और मोहन सरकार की विफलता को जनता के सामने लाया जायेगा। छतरपुर में हुए प्राचार्य हत्याकांड को लेकर उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। गृह मंत्रालय खुद मुख्यमंत्री के पास है लेकिन अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। इस दौरान पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी, नीरज दीक्षित, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अनीस खान, सेवादल अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र परमार, आईटी सेल अध्यक्ष दीपांशु यादव, ब्लाक अध्यक्ष अवधेश सोनकिया, दिलीप क्षत्रिय सहित अन्य कांग्रेसी भी मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि धमोरा हयर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य की हत्या किये जाने के बाद से जिला कांग्रेस ने चुप्पी साध रखी थी लेकिन आज प्रदेश कांग्रेस के संभावित आंदोलन को लेकर बुलाई गई पत्रकारवार्ता में पहली बार कांग्रेसी इस मामले पर बोलते हुये कहा कि प्रदेश मे कानून और व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची।

## मोबाइल की बेटरी फटने से बच्चा घायल



छतरपुर। बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम कंजरा में आज बुधवार को मोबाइल फटने से एक बच्चा घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कंजरा में आदिवासी परिवार का 10 वर्षीय बालक अरविन्द मोबाइल चला रहा था इसी दरम्यान मोबाइल की बेटरी अचानक ब्लास्ट हो गयी जिससे बच्चे की उंगलियों के साथ-साथ सिर एवं पैरों में गंभीर चोंटे आई हैं। घायल का अस्पताल में इलाज हो रहा है।

## विद्यालय के आसपास संचालित नकारात्मक गतिविधियों से पुलिस को कराये अवगत-एसपी

### प्रध्यापकों एवं अध्यापकों के साथ पुलिस की बैठक सम्पन्न

छतरपुर। आज छतरपुर प्रशासनिक एवं पुलिस टीम द्वारा ऑडिटोरियम हॉल में जिले के सभी विद्यालयों के प्राध्यापकों एवं अध्यापकों, छात्रावास एवं कोचिंग संचालक की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।



बैठक में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा पुलिस के संपर्क नंबर एवं हेल्पलाइन संबंधी नंबरों के बारे में अवगत कराया गया। स्वयं का नंबर भी साझा किया गया। विद्यालय के प्राध्यापक एवं अध्यापकों से वार्ता करते हुए विद्यालय एवं आसपास की स्थितियों की जानकारी ली, छात्र-छात्राओं के नकारात्मक क्रियाकलाप एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में छात्र-छात्राओं के स्टेटस/स्टोरी की जानकारी पुलिस को बताएं। स्कूल बैग में पाठ्य पुस्तक एवं आवश्यक वस्तु ही रहे, अनावश्यक सामग्री ना हो चेक करते रहें। विद्यालय जिस स्थान पर है उससे संबंधित थाना प्रभारी, बीट प्रभारी से निरंतर संपर्क रखें। पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस अधिकारियों, बीट प्रभारी के नंबर एवं हेल्पलाइन नंबर बैनर में अंकित है, बैनर विद्यालयों में लगवाए जा रहे हैं।

विद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सीसीटीवी कैमरा सक्रिय रहे एवं आवश्यक संग्रहण क्षमता रहे, उपकरणों को चेक करते रहें। पेरेंट्स एवं टीचर की मीटिंग निरंतर करवाते रहें, पुलिस अधिकारी भी मीटिंग में उपस्थित रहेंगे। छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर एवं मार्ग में सुरक्षित महसूस करते हैं, फीडबैक लेते रहें। पुलिस के संपर्क नंबर सक्रिय रहेंगे एवं विद्यालयों में पुलिस टीम निरंतर भ्रमणशील रहेगी, तत्काल जानकारी देवें।

आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री राजीव सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, महिला सुरक्षा शाखा से उप निरीक्षक तबस्सुम खान, विद्यालयों के प्राध्यापक, अध्यापक, छात्रावास एवं कोचिंग संचालक एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

### सूचना



दैनिक परिहार गर्जना समाचार पत्र में सह संपादक के रूप में अपनी सेवायें देने वाली जीतेन्द्र सिंह उर्फ दद्दा ललौनी को पद से पृथक कर दिया गया है। अब उनका इस समाचार पत्र से कोई वास्ता नहीं रहा। कृपया पाठकगण, एजेंट बंधु इस सूचना से अवगत हों।

व्यवस्थापक

# सोशल मीडिया में अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने को लेकर की गई कार्रवाई




**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। छतरपुर पुलिस अधीक्षक आगम जैन एवं एडिशनल एसपी विक्रम सिंह के निर्देशन पर एसडीपी नवीन दुबे के मार्गदर्शन में सोशल मीडिया में अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने के लेकर शख्त कार्यवाही के दिए थे निर्देश जिसके चलते अनुविभाग अंतर्गत जुझारनगर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया में अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने वालों की खिलाफ की गई कार्यवाही जिसमें प्रकाश रजक पिता मल्लू रजक उम्र बीस वर्ष निवासी खेरा से 12 बोर का कट्टा जब्त कर आरोपी को जेल भेजा गया तो वही दूसरा आरोपी पंकज पाल पिता दयाराम पाल निवासी ग्राम टिकरी थाना जुझारनगर से 315 बर का कट्टा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार किया। जिसमें दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सराहनीय भूमिका रही थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह, एएसआई विनोद सिंह, आरक्षक राममूर्ति जुलानिया, रामवीर सिंह, अनिल छारी, विपिन, अमन नामदेव, महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिजावर के आशीर्वाद भवन के वार्षिक उत्सव में मीडिया भाई का स्नेह मिलन

### माउंट आबू से पधारे मीडिया प्रभाग के नेशनल कोर्डिनेटर बीके शांतनु

*राकेश सिंह*

परिहार गर्जना न्यूज। बिजावर/ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिजावर के आशीर्वाद भवन के 2 वर्ष पूर्ण होने पर मीडिया साथियोंक स्नेह मिलन एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें माउंट आबू से पधारे मीडिया प्रभाग के नेशनल कोर्डिनेटर बीके शांतनु भाई जी ने विशेष ध्यान खिंचवाया की,, बुरा ना टाइप करो बुरा ना लाइक करो,,। क्योंकि आप भगवान के मैसेंजर हो जैसे हनुमान जी और नारद जी थे मीडिया का यह फर्ज बनता है कि आपके हाथ में जो कलम की ताकत है यह वह कलम है जो अखंड भारत को



विश्व गुरु स्वर्णिम संसार बनाने में बड़ा कमाल कर सकती है मीडिया का काम सिर्फ सूचना देना या मनोरंजन करना नहीं है बल्कि लोगों को सही मूल्य की शिक्षा देना भी उनकी जिम्मेदारी है आज लोगों को मानसिक खुराक मीडिया से ही मिलती है अगर मीडिया सकारात्मक और मूल निष्ट होगा तो उसकी खबरें देश समाज और मानव को सुख शांति और समृद्धि की ओर ले जाएगी। नैतिक मूल्यों को जब अपने जीवन में धारण करेंगे तो हमारा जीवन कमल फूल के समान पवित्र और मूल्यवान गुणवान बन जाएगा। परमात्मा का परिचय देते हुए उन्होंने कहा कि श्री राम,, श्री कृष्ण, के भी महादेव शिव ज्योति स्वरूप है। ब्रह्माकुमारी आशीर्वाद भवन के वार्षिक उत्सव में बिजावर नगर परिषद के सीएमओ आशीष सैनी और पत्रकार राकेश सिंह, मुकेश पटेरिया,रविकांत गुप्ता का तिलक लगाकर अंगवस्त्र और गुलदस्ते से सम्मान किया।

सीएमओ ने कहा कि ईश्वर की मर्जी के बिना है मंगल मूर्ति एक पत्ता भी नहीं हिलता खिले न कोई फूल कभी ईश्वर की इच्छा और ईश्वर की मर्जी के बिना फूल नहीं खिलता पता नहीं हिलता वायु नहीं चलती इस प्रकार हम इस संसार में आए हुए हैं और जो हमारा मूल धर्म है वह हमसे भजन चाहते हैं और यह ब्रह्माकुमारी जो दीदी हैं यह हमारे लिए संत महासंतों से भी बड़ी हैं जो हमें सत्य मार्ग पर चलना सिखाती हैं और जीवन में अगर हम भटक जाते हैं तो हमें रास्ता दिखाती हैं और हमें सत्य मार्ग पर चलने का रास्ता बताती हैं इन बहनों का हम हृदय से अभिनंदन और बंधन करते हैं जो उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय कार्य में समर्पित किया ब्रह्माकुमारी विद्यालय बिजावर की मुख्य संचालिका बीके प्रीती दीदी ने माउंट आबू से पधारे बीके शांतनु भाई जी का, बिजावर सीएमओ,सभी पत्रकार भाइयों का,सिलावट सरपंच पोस्टमैन भाइयों का भी सम्मान किया। और सभी ने ब्रह्मा भोजन भी स्वीकार किया।कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे अवधेश भाई ने सभी का डांस के द्वारा स्वागत किया और दीप प्रज्वलित भी कराया गया सभी ने मिलकर आर्शीवाद भवन के वार्षिक उत्सव में केक कटिंग भी किया और लास्ट में सभी को ईश्वरीय प्रसाद भी वितरण किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाले का आरोप- सरपंच ने जनपद पंचायत के कर्मचारी पर लगाया पैसे लेकर सूची में फेरबदल करने का आरोप

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के जनपद पंचायत बकस्वाहा के ग्राम पंचायत महदेवरा में प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। मडदेवरा पंचायत के तत्कालीन सरपंच प्रेम कंबर ने जनपद पंचायत के कर्मचारी विन्देश पाण्डेय पर आरोप लगाया है कि उन्होंने पैसे लेकर आवास सूची में फेरबदल किया और पात्र लाभार्थियों को आवास से वंचित कर दिया। सरपंच ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

***सरपंच ने उठाया भ्रष्टाचार का पर्दाफाश- गड़बड़ी और पैसों की उगाही के आरोप***

सरपंच प्रेम कंबर ने अपने पत्र में बताया कि मडदेवरा पंचायत में कुल 32 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए थे, लेकिन पंचायत सचिव द्वारा आवास वितरण में गड़बड़ी की गई। सरपंच के अनुसार, सचिव ने सूची में कमांक 52 तक आवास वितरित किए, लेकिन उसके बाद कमांक 69 और 71 तक के नाम सूची में जोड़ दिए गए। हैरानी की बात यह है कि कमांक 53 से लेकर 68 तक के पात्र हितग्राहियों को आवास से वंचित कर दिया गया, जबकि इन नामों को सूची के अनुसार पहले आवास मिलना चाहिए था।

सरपंच ने आरोप लगाया कि यह गड़बड़ी जानबूझकर की गई और इसके पीछे पैसे लेने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि विन्देश पाण्डेय नामक कर्मचारी ने कुछ लोगों से पैसे लेकर उनके नाम सूची में शामिल किए, जबकि जिन पात्र व्यक्तियों को पहले आवास मिलना था, उनका नाम बिना किसी स्पष्ट कारण के हटा दिया गया। सरपंच ने यह भी कहा कि जिन कर्मचारियों के पास प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रभार था, उन्होंने आवास वितरण के बदले लाभार्थियों से पैसे की उगाही की। जो लोग पैसे नहीं दे पाए, उनके नाम सूची से हटा दिए गए।

***मुख्यमंत्री से अपील- जांच और कार्रवाई की मांग***

सरपंच ने मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और मुख्य सचिव से अपील की है कि इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो पात्र लोग इस योजना के तहत आवास पाने के योग्य थे, उन्हें बिना किसी भेदभाव के तत्काल आवास प्रदान किए जाएं। सरपंच के अनुसार, यह मामला प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भ्रष्टाचार का प्रतीक है और यह उन जरूरतमंद लोगों के साथ अन्याय है, जो इस योजना का लाभ पाने के पात्र थे।

***जांच रिपोर्ट- मुख्य कार्यपालन अधिकारी का बयान***

इस मामले पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगीरथ तिवारी ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एक दल गठित किया गया था, जिसकी जांच रिपोर्ट कमिश्नर कार्यालय को भेजी गई है। तिवारी ने कहा कि रिपोर्ट में किसी प्रकार का कोई फेरबदल नहीं पाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन हितग्राहियों ने शिकायत की थी, उनके नाम सूची में नहीं थे। तिवारी ने आरोपों को गलत और निराधार बताया और कहा कि पैसे लेकर सूची में फेरबदल करने के आरोप सही नहीं पाए गए हैं।

ग्रामीणों और हितग्राहियों का कहना है कि वे इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की उम्मीद करते हैं और चाहते हैं कि जिनसे आवास का हक छीन लिया गया, उन्हें न्याय मिले। मामले की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि वास्तव में सूची में फेरबदल हुआ था या यह सिर्फ आरोप थे।

# गौरिहार में शिक्षक परिवार ने दिवंगत प्राचार्य को दी श्रद्धांजलि

## कस्बे में कैंडल मार्च निकाला, सुरक्षार्थ दिया ज्ञापन





**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। बीते रोज गौरिहार में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ पटेल के नेतृत्व में दिवंगत प्रचारक को श्रद्धांजलि देकर ज्ञापन सोपा गया। गौरतलब है कि 6 दिसंबर को जिला मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमोरा के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सक्सेना की, उसी विद्यालय के नाबालिक छात्र द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया था।इस आश्चर्यजनक घटना ने जहां सम्पूर्ण शिक्षा जगत को झकझोर कर रख दिया है,वहीं देश के भविष्य का निर्माण शिक्षक के साथ घटित हुई इस तरह की घटना से सभी बुद्धजीवी सोचने पर विवश हो गए हैं।गौरिहार विकासखंड के शिक्षक परिवार ने इस जगह ने घटना की घोर निंदा करते हुए दिवंगत प्राचार्य को सहित का दर्जा देने तथा शिक्षकों को सुरक्षा देने की मांग को लेकर स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कैंडल मार्च निकाला जो बस स्टैंड से होते हुए जनपद परिसर में स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने सम्पन्न हुआ।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी0आर0 पटेल एवं बीआरसीसी अमरनाथ व्यास के नेतृत्व में जनपद क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्राचार्य एवं सैकड़ो की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं शांति के साथ विद्यालय से जनपद परिसर तक पहुंचे और कैंडल जलाकर दिवंगत प्राचार्य श्री सक्सेना को श्रद्धांजलि दी। तातपश्चात् एसडीम बालवीर रमन को मुख्यमंत्री के नाम सामूहिक रूप से सुरक्षा संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि इस घटना में शामिल लोगों को कठोरतम दंड दें एवं इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इस बात की पुख्ता इंतजाम किए जाएं। राष्ट्र निर्माता की उपाधि से विभूषित बच्चों को शिक्षा देने जैसा पुनीत कार्य करने वाले शिक्षक पर ही यदि हमला होगा तो समाज को दिशा कौन देगा ? इस विषय का जिक्र करते हुए सभी ने शिक्षकों की सुरक्षा को महत्वपूर्ण बताया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने प्रशासन से शिक्षकों की सुरक्षा हेतु कानून बनाने की मांग की है।

***गौरिहार जनपद के बारीगढ़ नगर के मूल निवासी थे श्री सक्सेना***

गौर तलब है कि दिवंगत प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सक्सेना गौरिहार जनपद क्षेत्र के बारीगढ़ नगर के मूल निवासी थे। शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल गौरिहार के प्राचार्य प्रेम नारायण पाल ने बताया कि दिवंगत श्री सक्सेना अनुभवी,योग्य के साथ ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं बेहद मिलनसार थे। श्रीपाल ने बताया कि शिक्षा सत्र 2021- 22 में वे गौरिहार केंद्र अध्यक्ष बनकर आए थे, तब उनसे मुलाकात हुई थी और मैं उनके व्यक्तित्व से काफी प्रभावित भी हुआ था। इस दौरान बीईओ डीआर पटेल, बीआरसीसी अमरनाथ व्यास खड्डी प्राचार्य एमएल सोनी, मॉडल स्कूल के प्राचार्य पीएन पाल, सीएसी सुशील तिवारी, शिक्षक रणधीर अहिरवार, शिवप्रताप सिंह, रमाशंकरपटेल, मुखिया साहू, शान्ति प्रजापति, नत्थू प्रसाद साहू, रमाशंकर शिवहरे, रामराजा शुक्ला, भागवत प्रसाद राजपूत,भूपेंद्र मिश्रा ,संजय सोनी, सुभम कुडेरिया सहित कितपुरा, गौरिहार और खड्डी संकुल से आये सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान करें - कलेक्टर संदीप जी आर

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान शुरू




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में जनप्रतिनिधियों से समन्वय के साथ शिविरों का आयोजन कर शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने जिले में आज शुरू हुए मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किए।

यह अभियान 11 दिसंबर से शुरू हो गया है जो 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस तक संचालित रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री संदीप जी आर के आदेशानुसार संपूर्ण जिले में विस्तृत कार्य योजना तैयार कर मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व का आयोजन शुरू हुआ एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को उनको लाभ प्रदान किये गए। कलेक्टर संदीप जी आर ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत क्रियान्वित बिंदुओं व उद्देश्यों के संबंध में बताया कि अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवा, नारी, किसान तथा गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये दृढसंकल्पित होकर प्रयास किया जाना मुख्य उद्देश्य। भारत सरकार और राज्य सरकार की शत प्रतिशत सैचुरेशन चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं का लक्ष्य प्रदान किया गया। योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उक्त योजनाओं में वंचित पात्र हितग्राहियों का घर-घर सर्वे कर चिन्हांकन कर चिन्हित सेवाओं का अभियान के दौरान शिविरों के माध्यम से प्रदाय कराने के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। अभियान अवधि में 34 प्रकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का तथा 11 लक्ष्य आधारित और 63 सेवाएं आधारितों का शत प्रतिशत सैचुरेशन कर हितलाभ प्रदाय कराया जाए। अभियान के तहत क्रियान्वयन के लिए पृथक पृथक गतिविधियों के लिए समय सीमा तय की गई है। जिसके अनुसार रोस्टर शिविर स्थल एवं दिनांक का चयन प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में कलेक्टर द्वारा रोस्टर का निर्धारण किया जाएगा।

कलेक्टर संदीप जीआर ने बताया कि संपूर्ण अभियान के क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक जाबाबदेही सौपी गई इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र हेतु जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी तथा शहरी क्षेत्र के लिए नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री एवं सचिन मासीह को दायित्व सौंपे गए है। अंतरविभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के गठित संपर्क दल के माध्यम से संभावित हितग्राहियों से संपर्क कर एवं चिन्हांकित कर आवेदन प्राप्त करने के दायित्वों का निर्वहन करें। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के समस्त वार्ड में शिविरों का आयोजन शिविर का स्थान, तिथि एवं समय के पूर्व से रोस्टर तैयार कर प्रचारित किया जावे। प्रत्येक शिविर हेतु कलेक्टर द्वारा एक शिविर प्रभारी तथा सहयोगी दल का गठन किया गया है। सेक्टर अधिकारी शिविरों की मॉनीटरिंग हेतु जिला कलेक्टर द्वारा नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक जोन पर एक सेक्टर अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत क्लस्टर पर एक सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया।

अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी रण नीति तय की जाएगी ताकि आम जनता को लगातार स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य विभिन्न माध्यमों से जानकारी सुगमता से उपलब्ध हो सके इन्हीं उद्धशों को ध्यान गत रखते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाए। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि शिविर के बाद लंबित प्रकरणों का 26 जनवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से अंतिम निराकरण सुनिश्चित किया जावे हितलाभ स्वीकृत हितग्राहियों के हितलाभ का वितरण शिविर के दौरान किया जावे गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2025) पर आयोजित ग्राम सभाओं में जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को हितलाभ वितरण ऑनलाइन पोर्टल अभियान से संबंधित संपूर्ण कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर सतत रूप से की जावेगी।

# सौर ऊर्जा पैनल महाविद्यालय का भविष्यमें उपयोगी रहेगा ।बीपीसीएल ने मेरी मांग को पूर्ण किया- अध्यक्ष सोनाली राय

## शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना में बीपीसीएल द्वारा लगाए गए सोलर पैनल का हुआ उद्घाटन कार्यक्रम

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना में बीपीसीएल द्वारा लगाए गए सोलर पैनल का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती जी की पूजन अर्चना की गई ।बीपीसीएल के महाप्रबंधक शिरीष चांदेकर सहायक प्रबंधक सायन चटर्जी धर्म नाथ शर्मा सोनाली राय जनभागीदारी अध्यक्ष एवं डॉ रश्मि जैन प्रभारी प्राचार्य ने फीता काटकर किया ।महाविद्यालय की छात्राओं ने इस



कार्य के लिए तालियों की गड़गड़ाहट से हर्ष व्यक्त किया ।इस अवसर पर डॉ रश्मि जैन प्रभारी प्राचार्य ने कहा सोलर पैनल बीपीसीएल द्वारा महाविद्यालय के लिए ऊर्जा संकट के समाधान के लिए महत्वपूर्ण विकल्प है ।वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण में सौर ऊर्जा संग्रहण समय की मांग है जिसे बीपीसीएल ने महाविद्यालय में सहयोग देकर स्थापित कराया जो महाविद्यालय संस्था एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं महत्वपूर्ण सहयोग है ।उन्होंने बीपीसीएल का इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। सोनाली राय जनभागीदारी अध्यक्ष के माँग प्रस्ताव के आधार पर बीपीसीएल ने यह कार्य किया जो जन भागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय की भी कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सोनाली राय ने कहा सौर ऊर्जा पैनल महाविद्यालय का भविष्यमें उपयोगी रहेगा ।बीपीसीएल ने मेरी मांग को पूर्ण किया। उन्होंने अन्य मांगों के भी प्रस्ताव रखें जैसे इलेक्ट्रिक बस ,खेल मैदान दुरुस्त करना,ओपन जिम,दो हाई मास्क लाइट, ऑडिटोरियम एवं महाविद्यालय के सौंदर्य करण हेतु गार्डन की आवश्यकता के प्रस्ताव महाप्रबंधक के लिए लिखित रूप में सौंपे ।महाप्रबंधक द्वारा पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया गया। शिरीष चांदेकर महाप्रबंधक बीपीसीएल ने कहा सोलर पैनल महाविद्यालय में बीपीसीएल द्वारा लगाया गया सहयोग है परंतु इसका संरक्षण एवं व्यवस्थित करण महाविद्यालय की जिम्मेदारी है ।पर्यावरण संरक्षण के लिए यह महत्वपूर्ण सहयोग है ।कार्यक्रम का संचालन राजीव लोधी अतिथि विद्वान ने किया ।इस अवसर पर बीपीसीएल महा प्रबंधक के लिए सोलर पेनल जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराने के लिए लिखित आभार पत्र डॉ रश्मि जैन प्रभारी प्राचार्य एवं सोनाली राय जनभागीदारीअध्यक्ष ने भेंट किया ।इस अवसर पर सत्यजीत सिंह ठाकुर समन्वय मंडपम, डॉ उमा लवानिया,डॉ निशा जैन, प्रकाश चंद,नवीन नामदेव,नीता नामदेव,आरती राजपूत,अरुण उपाध्याय,कीर्ति ठाकुर,मनीता राजपूत,अमरजीत सिंह मठारू,नीलेश शर्मा, संजय नोतानी,जितेंद्र नामदेव,विकास ठाकुर, आनंद सेन,पूजा रजक, रंजना पंथी,सभी की उपस्थिति एवं सहयोग रहा ।

# भक्त माल कथा महोत्सव मे शामिल हुए राज्य मंत्री लखन पटेल

## वृंदावन धाम की परिक्रमा जैसा फल, गढ़ाकोटा धाम की परिक्रमा में भी मिलेगा - किशोर दास जी महाराज

**विवेक साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। गढाकोटा। गढाकोटा स्थित सिद्ध क्षेत्र पटेरिया धाम में आयोजित पांच दिवसीय श्री भक्तमाल कथा के चौथे दिन श्री किशोर दास ने कहा कि स्वामी हरिदास नाम की अनंत अनंत महिमा है। हमारा भाव हमारा मत आपकी दृष्टि में गढ़ाकोटा, गढ़ाकोटा हो सकता है ।सागर जिले की एक तहसील हो सकती है ।लेकिन मेरी दृष्टि में गांव नहीं ,शहर नहीं ,यह गढ़ाकोटा नहीं है मेरी दृष्टि में गढाकोटा साक्षात वृंदावन है वृंदावन धाम है। अगर वृंदावन ना होता गढ़ाकोटा ।तो आचार्य चरण की समाधि विराजमान ना होती ।यह समाधि भी विराजमान होती है। उनकी प्रेरणा से इतने बड़े रस का आचार्य स्वामी हरिदास जी के वश में जिनका प्राकृटिक हुआ ।हमारे बुंदेलखंड की पावन धरा के ऊपर जो आचार्य प्रकट हुए हैं ।हम लोग उनके संबंध कुछ नहीं जानते ।यह दास को पीड़ा थी संतो के चरणों में दास ने अपनी पीड़ा को रखा। संतों ने समाधान किया इसका एक है उपाय है तो आप सबको मालूम होगा । किशोर दास महाराज ने बताया कि गोपाल भार्गव जी से चर्चा हुई उन्होंने कहा कि हमें स्वीकार है आप संत चिन्हित करिए तो कम से कम 100 संत महात्मा होंगे पूरा जन समूह गढ़ाकोटा पटेरिया धाम मे उपस्थित हुए हैं ।कहने का तात्पर्य है यह सामान्य जगह नहीं है इसलिए साक्षात गढ़ाकोटा मेरी दृष्टि में वृंदावन धाम है वृंदावन है ।यही मेरा भाव है और यहां के प्रति हमारा लगाव लगा है यहां के लोग वृंदावन में जाकर अपना परिचय देते हैं तो हम नहीं जान पाते आप लोग कहां से आए हैं ।जब वह परिचय देते हैं की भगवत धाम से रसिक महाराज के यहां से आए हैं तो नित्य सजल हो जाती हृदय भर जाता है । भगवत धाम कोई दूसरा नहीं है मानो वृंदावन धाम से चलकर वृंदावन धाम है। यहां जो वृंदावन की धाम की रज विराजमान है और इस समाधि के परिसर की अगर कोई भी श्री हरिदास नाम जप करके 11 माला श्री हरिदास, श्री हरिदास, श्री हरिदास कहकर 11 परिक्रमा समाधि की लगाएगा तो वृंदावन परिक्रमा का जो फल मिलता है वही फल यहां की समाधि की परिक्रमा लगने के बाद में वृंदावन की परिक्रमा संपूर्ण होगी ।पूर्ण होगी। हम यह तो नहीं कहेंगे आपको वृंदावन नहीं जाना आप अवश्य आएं, लेकिन यहां वह सच विराजमान है सत्य विराजमान है । जहां आचार्य चरण विराजमान है ।उनके चरण पादुका विराजमान है। श्री वृंदावन के रज विराजमान है। और निवेदन है यदि आपको गिरिराज की परिक्रमा लगानी है ।तो इसकी परिक्रमा आचार्य चरण की समाधि की लगाएंगे तो आपको गिरिराज परिक्रमा का फल मिलेगा । किशोर दास महाराज ने कहा कि अपने मन से नहीं कह रहा ।कोई भीतर विराजमान होकर बुला रहा है ।दास एक निमित्त है हम अपनी तरफ से कुछ नहीं कह रहे ।और निवेदन करते हैं 108 परिक्रमा हरिदास नाम जाप करके समाधि की लगाएंगे। उसको 84 कोस ब्रजमंडल का फल प्राप्त होगा ।अब इससे बड़ा फल गढ़ाकोटा वासियों को और कोई उपहार मिल सकता है क्या है ।हमारी दृष्टि से तो नहीं । स्वीकार करके हमारे महंत जी महाराज जी हरिदास अपना समर्पण दिखाया है ।और समर्पण दिखाने के भूमि में स्वामी भगवत ऋषि देव जी महाराज विराजमान है ।



आज हमारे संतो की जमात किशोरी शरण मुखिया कुंज बिहारी दास हम सब थे जैसी इस भूमि की गाड़ी में जाते हुए दर्शन किया तो दर्शन सब संतो के मुंह से निकला कि यहां की दिव्यता का कुछ वर्णन नहीं कर सकती ।इस भूमि आते ही रोमांच होने लगता है ऐसा लगता है कि जैसे यह जल का स्रोत बह कर के जा रहा है ।मानो जैसी यमुना जी बह रही हो ।हमारी दृष्टि में तो यह तो साक्षात नर्मदा जी प्रकट होकर विराजमान है ।पटेरिया धाम में यहां साक्षात नर्मदा जी का उद्गम विराजमान है ।यमुना चरण को कैसे छोड़ सकते हैं ।जहां वृंदावन है रस रानी यमुना भी तो विराजमान है। राजरानी विराजमान है। ऐसी अनंत अनंत अनंत महिमा है। कथा दौरान भजनों की प्रस्तुति में भक्तों का भाव विभोर कर दिया। भक्तमाल कथा में शामिल राज्य मंत्री पशु पालन विभाग मंत्री लखन पटेल शामिल हुए ।पटेल ने व्यास गद्दी को नमन करते हुए कथा को श्रवण किया। आयोजक अभिषेक भार्गव ने अभिनंदन करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किये। कथा श्रवण में आयोजक गोपाल भार्गव, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी , सागर महापौर संगीता तिवारी ,जिला अध्यक्ष गौरव सारोठिया बल्लू लहरिया, राघवेंद्र स्वामी, उपयंत्री दिनेश रावत, पिक्की पांडे, एमएल साहू, भरत चौरसिया, विवेक साहू, विक्की जैन,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# हरपुरा नहर चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, एक बार फिर हुई क्षतिग्रस्त, किसानों में असंतोष

## लाखों की राशि बर्बाद होने के बाद भी नहीं सुधरे तालाबों के हालात



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के चंदेल और बुंदेल कालीन तालाबों की दशा सुधरने का नाम नहीं ले रही है। सरकार द्वारा अब तक भेजी गई राशि का बंदरबांट किए जाने से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिरता रहा है। इस इलाके के तालाब तमाम प्रयासों के बाद भी पानी के लिए तरस रहे हैं। तालाबों में नहरों से पानी नहीं पहुंच रहा है। तालाबों में पानी भरने के लिए बनाई गई हरपुरा नहर एक बार फिर क्षतिग्रस्त हो गई है। बुधवार को मोहनगढ़ तहसील के शंकरगढ़ के पास ग्रामीणों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि नहर फू ट जाने से तालाब तक पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बताया गया है कि सन् 2012 में जिले के 14 प्राचीन तालाबों को भरने के लिए टीकमगढ़ में प्रदेश की पहली नदी तालाब जोड़ो योजना शुरू की गई थी। परियोजना के तहत हरपुरा गांव के पास जामनी नदी से मोहनगढ़ तक नहर का निर्माण शुरू किया गया। प्रदेश के तत्कालीन वित्त मंत्री जयंत मलैया ने हरपुरा गांव के पास 41 करोड़ की लागत से नहर परियोजना का भूमि पूजन किया था। नहर के निर्माण में करीब 2 साल का समय लगा, लेकिन निर्माण एजेंसी सारथी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने नहर की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते पिछले 12 सालों के दौरान कई बार नहर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बताया गया है कि नहर निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों के चलते 1 साल पहले नहर की रिपेयरिंग के लिए करीब 10 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया था। पिछले 1 साल से नहर की रिपेयरिंग का काम चल रहा है। इस दौरान एक बार फिर शंकरगढ़ गांव के पास नहर टूट गई और बड़ी मात्रा में पानी बहकर नाले में जा रहा है। यहां बता दें कि जिले के स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्वर्गीय पंडित श्री द्विवेदी द्वारा भी कई बार क्षेत्र की दम तोड़ती सिंचाई योजनाओं को दुरूस्त करने के लिए आवाज उठाई गई।

*एक दर्जन तालाबों की दुर्दशा–*

चंदेल कालीन एवं बुंदेलकालीन तालाबों की दुर्दशा सुधरने का नाम नहीं ले रही है। नदी–तालाब जोड़ों योजना पर खर्च की गई धनराशि का लाभ गांववासियों को भले ही नहीं मिला हो, लेकिन भ्रष्टाचार करने वालों की चांदी जरूर कट रही है। अब तक यहां की हरपुरा नहर के घटिया निर्माण होने से कई बार नहर क्षतिग्रस्त होती रही है। बताया गया है कि शंकरगढ़ निवासी अभिषेक अवस्थी ने बताया कि हरपुरा नहर के निर्माण में तकनीकी खामियां हैं। जिससे बार–बार नहर क्षतिग्रस्त हो रही है। रिपेयरिंग के लिए ग्रामीण कई बार तहसीलदार और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके बाद भी नहर की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। नहर बार–बार क्षतिग्रस्त होने से किसानों को बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। हरपुर नहर परियोजना से जिले के 14 तालाबों को भरा जाना था। इनमें हनुमान सागर, जगत नगर गांव के दो, पूर्वी गोर गांव के दो, दरगाय कला, दरगाएं खुर्द, मोहनगढ़, कुम्हेड़ी, अर्चरा और वृषभानपुरा तालाब शामिल हैं।

# जुआ, सट्टा और अवैध शराब पर अंकुश लगाने उठाए ठोस कदम-एसपी मंडलोई

## समीक्षा बैठक में दिए थाना एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बीते रोज 10 दिसम्बर 2024 को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारी हुए शामिल हुए। अपराधों पर नियंत्रण व निराकरण हेतु एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किए। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में 10 दिसम्बर को जिले के थाना एवं चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। उक्त अपराध समीक्षा बैठक में अनेक बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बताया गया है कि लंबित अपराधों की समीक्षा कर निराकरण करने, लंबित चालान की समीक्षा कर अधिक से अधिक चालान निराकरण करने, गुम इंसान, बालक, बालिकाओं का पता कर दस्तयाब करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने, अनुसूचित जाति, जनजाति के विरुद्ध घटित अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने, लंबित खात्मा, खारिज़ी की समीक्षा पश्चात आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया। बताया गया है कि एसपी टीकमगढ़ ने लघु अधिनियम, जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि की समीक्षा एवं प्रभावी कार्यवाही करने, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने, स्थाई वारंटो की तामील कराकर वारंटी को न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए गए। बताया गया है कि उपरोक्त बिंदुओं पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी टीकमगढ़, जतारा, थाना व चौकी प्रभारी के साथ समीक्षा की गई एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया ।



# स्वराज के लिए प्रतिवद्ध है राज्य सरकार-एसडीएम

परिहार गर्जना न्यूज। पलेरा। जनपद पंचायत पलेरा के बीआरसीसी भवन में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत की सभी पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक एवं उपयंत्री शामिल रहे। इसके अलावा खंड स्तरीय सभी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम शैलेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य सरकार विकास जनकल्याण और स्वराज के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उसके पात्र हितग्राही तक समय सीमा में पहुंच सके।



## कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन–

# कांग्रेस छोडक़र जाने वालों की अन्य दलों में नहीं कोई पूंछ-परख-भदौरिया

परिहार गर्जना न्यूज। पलेरा। कांग्रेस का सरकार के विरूद्ध बढ़ा प्रदर्शन आगामी 16 दिसम्बर को होने वाला है। इस प्रदर्शन में जिले के खरगापुर विधानसभा क्षेत्र से अधिक संख्या में लोग शामिल होने को लेकर नगर के नाइस व्यू होटल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जिला टीकमगढ़ प्रभारी रेखा चौधरी, सह प्रभारी धर्मेंद्र भदोरिया, खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर, कांग्रेस प्रदेश सचिव दिग्विजय सिंह गौर, जिला अध्यक्ष नवीन साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेखा चौधरी ने कहा कि आगामी चुनाव की तैयारी आज से ही शुरू की जा रही है। ब्लॉक स्तर पर मीटिंग आयोजित कर पंचायत और वार्ड स्तर की कमेटी गठित होगी। जिसमें मोहल्ला समिति का भी गठन किया जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि हमारा संघर्ष भाजपा और उसके पाखंड से है। बैठक के दौरान सह प्रभारी धर्मेंद्र भदोरिया ने कहा कि आज कांग्रेस छोडक़र जाने वालों की स्थिति सब देख रहे हैं, उनकी कोई पूछ परख नहीं हो रही है। ऐसे लोगों को जनता ने भी नकार दिया है। कांग्रेस में एकता है, हम सब परिवार की तरह रहेंगे। इसी क्रम में खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस काफी मजबूत है। शहरी क्षेत्र में पिछडऩे से चुनाव परिणाम प्रभावित होता है। आगामी दिनों में युवाओं को पार्टी से जोडऩे की योजना पर अमल किया जाएगा। सभी कार्यकर्ता बंद मुट्ठी की तरह रहकर संगठन को मजबूती देने में योगदान दें। कांग्रेस प्रदेश सचिव दिग्विजय सिंह गौर ने कहा कि कार्यकर्ता कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है। जमीनी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर अनुशासित होकर आगे बढ़ेंगे। आने वाला समय कांग्रेस का है। इस दौरान मौके पर कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। इस दौरान जिला अध्यक्ष नवीन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, नीरज देशमुख, स्वतंत्र यादव, गौरव कुमार वर्मा, विश्वदीप सिंह चौहान, प्रताप मिश्रा, अवधेश रावत, मोहन अहिरवार, इकरार खान समेत ग्रामीण क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सागर रोड पर अमरपुर गांव के पास हुआ हादसा–

# वासिंग पाउडर भरकर जा रहे चलते ट्रक में लगी आग, लाखों की क्षति

## दमकल की मदद से पाया आग पर काबू

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। रात्रि एक बजे अचानक सागर मार्ग पर अमरपुर गांव के पास हुई आगजनी की घटना की खबर फैलते ही सनसनी फैल गई। आग लगने से ट्रक जलकर स्वाहा हो गया। पुलिस प्रशासन एवं दमकल की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के संबन्ध में बताया गया है कि यहां से सागर की ओर जाने वाले मार्ग पर मंगल एवं बुधवार की दरम्यानी रात करीब 1 बजे के लगभग चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। हादसा होते ही ट्रक ड्राइवर ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। देर रात नगर परिषद बड़ागांव से दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। घटना में ट्रक में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया है। बड़ागांव थाना प्रभारी एमपी सिंह गौंड ने बताया कि देर रात अमरपुर गांव के पास ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। जानकारी लगते ही दमकल टीम के साथ पुलिस बल मौके पर रवाना किया गया। दमकल टीम ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद ट्रक में देखा तो पूरा सामान जल गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा होते ही ट्रक ड्राइवर किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकला। ट्रक की नंबर प्लेट से पता चला है कि वाहन ग्वालियर का है। हरिद्वार से वाशिंग पाउडर भरकर नागपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अमरपुर गांव के पास चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। जिससे ट्रक में भरा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। बड़ागांव पुलिस ने ट्रक मालिक को सूचना देकर घटना की जांच शुरू कर दी है। फि लहाल ट्रक ड्राइवर फ रार बताया जा रहा है।



# प्लांटेशन लगाने के नाम पर दो सैकड़ा से अधिक हरे-भरे वृक्षों का वन विभाग के ही कर्मचारीयों ने जेसीबी मशीन से किया कत्ले आम

## वनपाल तथा बीट गार्ड निलंबित, वनमंडला अधिकारी गर्वित गंगवार ने की कार्यवाही





**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमपुर के पिस्टा बीट में 2 स्थानों पर प्लांटेशन लगाने के नाम पर सागौन, सेज, धवा, तेंदू आदि के सैकड़ों हरे-भरे वृक्षों को कुल्हाड़ी से कटवाने व जेसीबी से उखाड़ने का मामला उजागर होने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। जैसे ही उक्त मामले की जानकारी उत्तर वन मंडल के वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार को लगी तो उन्होने घटना स्थल पर पंहुचकर निरीक्षण किया तथा देखा की विभाग के कर्मचारीयों की लापरवाही से प्लांटेशन लगाने के नाम पर पूर्व से लगें हुए हरें भरे बड़े वृक्षो का कत्ले आम किया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए वनमंडलाधिकारी श्री गंगवार नें सहायक वनक्षेत्रपाल अनुपमा चुटेले तथा बीटगार्ड नीरज गुप्ता को निलंबित कर दिया है। तथा मामले के संबंध में जांच के निर्देश दिए हैं। इस प्रकार से अवैधानिक रूप से हरे भरे वृक्षो को काटने एवं प्लांटेशन लगाने की जिम्मेवारी संबंधित वन परिक्षेत्राधिकारी की होती है लेकिन अभी संबंधित वन परिक्षेत्राधिकारी वैभव सिंह चंदेल पर कोई कारवाई नही हुई है। प्रथम दृष्टया जिम्मेवार वन परिक्षेत्राधिकारी पर ही कार्यवाही होनी चाहिए। उक्त मामले मे लोगो द्वारा सवाल भी खड़े किये जा रहें है। आखिर रेन्जर को क्यो बक्शा जा रहा है। धरमपुर और अजयगढ़ क्षेत्र में सागौन की अंधाधुंध कटाई सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत कुछ समय से उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र अजयगढ़ और वन परिक्षेत्र धरमपुर के जंगलों में सागौन की अंधाधुंध कटाई चल रही है इस क्षेत्र के जंगल पूरी तरह से वन समिति के सुरक्षा श्रमिकों के भरोसे चल रहा है वनकर्मी कभी कभार ही भ्रमण के लिए पहुंचते हैं। अंतर्राज्यीय स्तर पर हो रही सागौन की तस्करी बताया गया है कि अजयगढ़ व धरमपुर क्षेत्र के जंगलों में सागौन की कटाई तेजी से चल रही है यहां से सागौन काटने के बाद कुछ लोग ग्रामीण क्षेत्रों में ही फर्नीचर निर्माण के बाद उन्हें पन्ना, सतना, छतरपुर एवं उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की ओर भेज देते हैं और कुछ लोग सागौन की सिल्ली बनाकर सप्लाई करते हैं। इसके अलावा अजयगढ़ में आधा दर्जन से अधिक अवैध आरा मशीनें संचालित होने की जानकारी भी मिली है जहां से रात के अंधेरे में सागौन की सिल्लियां आरा मशीन में पहुंचा दी जाती है, भोर सवेरे लगभग 4 से 5 बजे लकड़ी की चिराई करवा कर यहां से बाहर निकाल दिया जाता है। इस प्रकार उत्तर वन मंडल के अजयगढ़ और धरमपुर परिक्षेत्र के जंगल सागौन तस्करों और वन कर्मियों की सांठ-गांठ से दिन दोगुनी और रात चौगुनी गति से उजाड़े जा रहे हैं। इस प्रकार का मामला पूर्व में भी धरमपुर रेन्ज में कुडरा के जंगलो का सामने आया था, जहां पर हजारों वृक्षो की कटाई वन माफियाओं द्वारा कराई गई थी।

***इनका कहना है***

मामले की शिकायत प्राप्त होते ही मेरे द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया जहां 2 स्थानों पर लगभग दो सेकड़ा से अधिक पेड़ कटने की पुष्टि हुई है दूसरे स्थान की गणना अभी जारी है। मामले में कार्यवाहक वनपाल और डिप्टी रेंजर को निलंबित कर दिया गया है जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्यवाही की जायेगी।

***गर्वित गंगवार डीएफओ उत्तर वन मण्डल पन्ना***

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पॉलटेक्निक महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक सम्पन्न

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में कलेक्टर सुरेश कुमार, की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में एजेंडा में शामिल प्रमुख मुद्दो पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक आय व्ययों की जानकारी दी गई, वर्ष 2024-25 के अनुमानित आय-व्यय तथा संस्था के पास उपलब्ध राशि का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। चर्चा उपरांत अनुमोदन प्रदाय किया गया। संस्था के विकास निधि मद से कन्या छात्रावास में निर्मित किए जा रहे भूमिगत टैंक, टीपीओ कक्ष, तथा पेंट्री के निर्माण कार्य की जानकारी का अलवोकन कराया गया, तथा अनुमोदन प्रदाय किया गया। संस्था में सेवा भर्ती नियम-2004 के तहत कार्यरत व्याख्याताओं के कैरियर संवर्द्धन योजना, सातवें वेतनमान का लाभ दिये जाने, संस्था में उत्कर्ष श्रीवास्तव, व्याख्याता सीएसई के बड़वानी से पन्ना संविलियन, डॉ. श्रीमति रश्मि चौरसिया, व्याख्याता एमओएम के महिला पॉलीटेक्निक जबलपुर में प्रतिनियुक्ति होने तथा श्रीमति वर्षा प्रजापति, व्याख्याता सीएसई के पॉलीटेक्निक सीधी से पन्ना में संविलियन होने के प्रकरणों की जानकारी दी गई, संस्था के प्रभारी प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी के पीएचडी के संबंध में अनुमोदन तथा उत्कर्ष श्रीवास्तव के एम टेक हेतु प्रदाय किए गए अध्ययन अवकाश सहित सेवा भर्ती नियम-2004 के संस्था से संबन्धित समस्त प्रकरणों का अनुमोदन प्राप्त किया गया। संस्था के नवीन भवन के प्राक्कलन की जानकारी दी गई, जिसे कलेक्टर एवं अध्यक्ष द्वारा पुनः उच्च कार्यालय को भिजवाये जाने तथा मार्गदर्शन लेने के निर्देश दिये। संस्था के खेल मैदान तथा संस्था के मुख्य हाल को शासकीय कार्य के अलावा अन्य कार्यों हेतु प्रदान किये जाने के संबंध में निर्धारित शुल्क दर के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें निर्धारित दर निम्न प्रकार से तय की गई। जिसके तहत सम्पूर्ण मैदान को एक दिवस के लिए किराये पर देने पर 50 हजार रुपए प्रतिदिन, आधे मैदान को किराये पर उपलब्ध कराने पर रुपए 30 हजार प्रतिदिन, एक सप्ताह हेतु 15 हजार प्रतिदिन, एक सप्ताह से 15 दिवस तक 12 हजार रुपये प्रतिदिन, 15 दिन से अधिक की स्थिति में 10 हजार रुपये प्रतिदिन की दर से राशि जमा करने का अनुमोदन दिया गया है। साफ-सफाई हेतु अलग से राशि जमा करने का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार खेल मैदान के संबंध में भी राशि निर्धारित की गई है, एक दिवस का 2000 रुपए, एक से तीन दिवस के लिए 1500 रुपए प्रतिदिन तथा तीन से पंद्रह दिवस तक उपलब्ध कराने पर 1200 रुपये प्रतिदिन लिए जाने तथा साफ-सफाई हेतु 5000 रुपए जमा करने के प्रस्ताव का अनुमोदन दिया गया। इसी प्रकार संस्था परिसर के जिला चिकित्सालय की ओर के मैदान को शासकीय कार्य के अलावा अन्य कार्यो हेतु देने पर 50 हजार रुपए प्रतिदिन की दर से तथा मुख्य हाल को 2 हजार रुपए प्रतिदिन कि दर से किराये पर देने का अनुमोदन प्रदान किया गया। संस्था के खेल मैदान को राजनीतिक कार्यों हेतु उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में निर्वाचन के दौरान तय की गई दरों से राशि जमा करनी होगी। इस बैठक के दौरान संस्था के मुख्य भवन, कन्या छात्रावास, बालक छात्रावास में विस्तृत मरम्मत के प्रस्ताव तैयार करने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है। शासन से राशि प्राप्त नहीं होने की स्थिति में जनभागीदारी मद से आवश्यक मरम्मत कार्य कराये जाने का भी अनुमोदन दिया गया। उक्त बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि सहित सदस्य, राजेश गौतम, गौरव गुप्ता कोषालय अधिकारी, पीडबल्यूडी से के के श्रीवास्तव, एसडीओ, यूनियन बैंक के प्रतिनिधि, जेके सीमेंट के प्रतिनिधि, के साथ-साथ पूर्व छात्र के रूप में कुलदीप चौराहा, हरीलाल कुशवाहा, अभिभावक प्रतिनिधि, प्रेमलाल आदिवासी, श्रीमति पूजा प्रजापति, श्रीमति सीता गुप्ता, महाविद्यालय से सदस्य सचिव अरविन्द त्रिपाठी, राकेश द्विवेदी, डी बी चतुर्वेदी, एच पी पाठक, हरगोविंद कुर्मी, सुभाष पाण्डेय, श्रीमति शायना परवीन, श्रीमति पूजा खरे उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य द्वारा अंत में सभी का आभार प्रकट किया गया।

# नगर पालिका के कर्मचारी बनकर एक दर्जन गरीब लोगो से हड़पे हजारो रुपये

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में धोखाधड़ी की घटनाए लगातार हो रहीं है तथा अलग अलग तरीका से लोगो को धोखेबाजो द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। इसी प्रकार का मामला जिला मुख्यालय पन्ना के इन्द्रपुरी कालोनी वार्ड क्रमांक 3 का सामने आया है, जिसमें झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहें गरीबो द्वारा बताया गया कि दो तीन लोग हमारे मोहल्ले मे आये थे तथा उनके द्वारा कहा गया कि तुम लोगो ने टैक्स जमा नहीं किया है इस लिए तुम्हारे मकानो को गिरा दिया जायेगा, हम लोग नगर पालिका के कर्मचारी है, यदि जल्द ही पैसा जमा नहीं करोगें तो कल जेसीबी मशीन तुम्हारे मकानो पर चलेगी, लगभग एक दर्जन गरीब महिलाओं ने पांच हजार, चार हजार, तीन हजार की राशि उनके झासे मे आ कर दे दी गई, उन्होने कहा कि अब तुम्हारे मकान नहीं गिरेगें, तुम्हे कल रशीद मिल जायेगी। इस प्रकार से गरीब लोगो को निशाना बनाया गया है। उक्त मामले को लेकर गरीब आवेदको द्वारा कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जा कर आवेदन दिया है। जिसमें कुन्ती कुशवहा, भरत कांदर, संगीता साहू, जुबेदा बहना, किरण बाई कांदर आदि के साथ धोखाधड़ी की गई है। उक्त गरीबों ने संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।





# पन्ना देवेन्द्र नगर रोड़ बड़ागांव के पास गहरा नाला में अज्ञात युवक का मिला शव

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र के बड़ागांव जंगल गहरा नाला के पास एक व्यक्ति का शव मृत अवस्था में पाया गया है। उक्त शव की उम्र लगभग 30-35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। मृतक की हल्की दाढ़ी है और उसने फुल वाह की स्वेटर, आसमानी-नीले रंग की शर्ट, काले रंग का इनर और नीले रंग का लोवर पहना हुआ है। इसके अलावा, मृतक नीले रंग के जूते और काले स्लेटी रंग का मफलर भी पहना था। शव के पास ही तीन मीटर की दूरी पर लाल रंग की पैशन प्रो हीरो होण्डा मोटरसाइकिल पड़ी हुई है, जिसका नंबर प्लेट पर एमपी 19 एम ओ 8197 लिखा हुआ है। मृतक के सिर में खून सहित चोट के निशाने पाये गयें है और शव करीब चौबिस घंटा पुराना प्रतीत होता है। पुलिस द्वारा पहचान के संबंध में आम लोगो से अनुरोध किया है तथा जो कोई भी उसको पहचानता हो थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर से संपर्क कर सकते है।




# कांग्रेस पार्टी की पत्रकार वार्ता आज

## पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी होगें शामिल

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/आगामी 16 दिसंबर को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भोपाल में आयोजित विधानसभा घेराव को लेकर आज 12 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है। उक्त पत्रकार वार्ता स्थानीय होटल मोहन राज विलास मे दोपहर एक बजे आयोजित की गई है। पत्रकार वार्ता को पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा तथा जिला मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा नें सभी पत्रकार साथियों से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# भीषण ठंड को देखते हुए विद्यालयों के लगने का समय मे किया जाये परिर्वतन

## नगर मे अलाव जलाने की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विगत दो तीन दिन से शीत लहर एवं भारी ठंड के चलते लोगो का जीना मुश्किल हो रहा है, उक्त ठंड को देखते हुए विद्यालयों के बच्चो को सुबह से भारी परेशानी हो रहीं है। इस लिए जिला कलेक्टर को विद्यालय लगने के समय में तत्काल परिवर्तन करने के आदेश जारी करने की मांग लोगो द्वारा की गई है। साथ ही प्रत्येक नगर पालिका एवं नगर परिषद क्षेत्रो में अलाव लगाने की व्यवस्था तत्काल प्रारंभ किये जाने के आदेश भी जारी किये जाये। पन्ना नगर पालिका क्षेत्र मे प्रमुख स्थानो, बस स्टैन्ड, जिला अस्पताल परिषर, गांधी चौक, किशोर जी मंदिर परिषर सहित मुख्य स्थानो पर अलाव लगाये जाये।

# किसान की आय दोगुना करने में पशुपालन गतिविधियों का विशेष योगदान - पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल

## पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक

राजकुमार दुबे



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 11 दिसम्बर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसान की आय दोगुना करने में पशुपालन गतिविधियों का विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं में पशुपालन गतिविधियों में किसानों को लगभग 50त्न अनुदान विभाग द्वारा दिया जाता है। विभागीय अधिकारी किसानों को पशुपालन के लिए प्रेरित करें और उनको शासन की योजनाओं का पूरा लाभ दें। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के दौरान पशुपालन शिविर लगाया जाए और पशुपालन योजनाओं के अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत किए जाएं।

पशुपालन राज्य मंत्री श्री पटेल ने पशुपालन संचालनालय के सभागार में विभाग की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमाकांत उमराव, संचालक पशुपालन सहित सभी संभागों के संयुक्त संचालक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री पटेल द्वारा संभागवार विभागीय समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि विभाग की चलित पशु चिकित्सा वाहनों का समुचित रखरखाव किया जाए। यह योजना अत्यधिक लोकप्रिय हुई है और पशुपालक बड़ी संख्या में अपने पशुओं का इलाज करवा रहे हैं। प्रदेश में 406 लाख पशुओं की आबादी है, प्रति 1 लाख पशु आबादी पर एक वाहन (कॉल सेंटर 1962) संचालित है।

मंत्री श्री पटेल ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत पशुपालकों को कुक्कुट पालन, बकरी पालन, शूकर पालन और चरी/चारा उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए। बड़े शहरों में कड़कनाथ विक्रय से पशुपालक किसानों को अच्छा मुनाफा प्राप्त हो सकता है। महिला स्व-सहायता समूह को राष्ट्रीय पशुधन मिशन की गतिविधियों से जोड़ा जाए। योजना अंतर्गत स्व सहायता समूह को कुक्कुट पालन के लिए कई यूनिट प्रदाय की जाए। केंद्र सरकार को एक यूनिट में 100 कुक्कुट प्रदाय करने का प्रस्ताव भिजवाया जाए। वर्तमान में एक यूनिट में 40 कुक्कुट प्रदाय किए जाते हैं।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पशुपालक किसानों को साइलेज के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया जाए। भूसे की तुलना में साइलेज पशुओं के लिए अधिक पौष्टिक होता है, पशु में दूध की मात्रा बढ़ता है और इसकी कीमत भी कम होती है। यह मक्के की चारी और नेपियर घास से बनता है। किसान चरी/चारा उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। चरी/चारा उत्पादन योजना में शासन की ओर से 50त्न अनुदान है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पालतू और उन्मुक्त विचरण करने वाले पशुओं की पहचान के लिए यह आवश्यक है कि उनकी टैगिंग अलग-अलग रंग से की जाए। मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना के अंतर्गत निर्मित गौशालाओं में पशुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। बड़ी गौशालाओं में गोबर गैस संयंत्र लगाने के प्रयास किए जाएं।

प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमराव ने कहा कि अधिकारी पशु बीमा के लंबित प्रकरणों का बीमा अधिकारियों से निरंतर संपर्क कर निराकरण कराएं। यदि संबंधित बीमा कंपनियां बेवजह किसानों के बीमा दावे रोकती हैं तो उपभोक्ता फोरम में प्रकरण दर्ज कराएं। सभी किसानों को पशु बीमा की दावा राशि दिलाए जाना सुनिश्चित करें।

# मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड की जमीन का अतिक्रमण हटाया गया

## बाजारू कीमत लगभग 2 करोड़ 66 लाख






परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 11 दिसम्बर। आज मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही तहसीलदार मोहित जैन द्वारा की गई।

तहसीलदार मोहित जैन ने कहा कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर लगातार दमोह में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड की जमीन जिस पर पिछले कई वर्षो से 4 से 5 व्यक्तियों ने मकान बनाकर कब्जा किया हुआ था, जिसमें बिहारी लाल पटेल, सेवा बाई, शेर खान और शेरू खान जिन्होंने कई वर्षों से मकान बनाकर यहां पर कब्जा किया हुआ था। हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री श्री बाथम के पत्र अतिक्रमण हटाने के लिए आये थे, कलेक्टर श्री कोचर के निर्देशानुसार यहां से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया पहले से ही बेदखली आदेश न्यायालय से जारी किया गया था, पहले नोटिस देकर जवाब लिए गए थे, जवाब समाधान कारक नहीं थे जिस पर बेदखली आदेश पारित करके आज यहां पर यह कार्रवाई की गई है। यहां पर लगभग 1 एकड़ जमीन कमर्शियल उपयोग की है, स्कूल के लिए हाउसिंग बोर्ड ने आरक्षित की हुई है, इसकी बाजारू कीमत लगभग 2 करोड़ 66 लाख रुपए है।

तहसीलदार श्री जैन ने बताया अभी डायवर्सन और नजूल की वसूली का अभियान चल रहा है जिसमें निरंतर नोटिस काटे जा रहे हैं। जिनसे अभी वसूली प्राप्त करनी है, उनके नोटिस काटे हुए हैं, रिलायंस पॉइंट के लिए नोटिस जारी किया गया था, जिसमें राशि जमा करने की 9 तारीख अंतिम डेट दी गई थी, रिलायंस पॉइंट के मालिक रेखा राहुल से 56,553 रुपए प्राप्त करने थे, जिन्होंने नोटिस के बाद भी जमा नहीं किये थे। आज उनके प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई की है, कार्यवाही के 30 मिनट के अंदर ही उन्होंने राशि जमा करके चालान भेज दिया है, जिससे उनके प्रतिष्ठान को खोल दिया गया है।

# हम होंगे कामयाब अभियान के अंतर्गत आवाज लाया विभिन्न हित धारकों को एक छत के नीचे

**- पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत हुई गिरते लिंगानुपात को लेकर चर्चा, विभिन्न हितधारक हुए एकजुट**

**- प्रधान जिला न्यायाधीश श्री शर्मा ने कहा हम सभी को एक साथ प्रयासरत रहना होगा जेंडर आधारित भेदभाव के खिलाफ**



परिहार गर्जना न्यूज। बीना/सागर/ महिला एवं बाल विकास विभाग,महिला सुरक्षा शाखा मध्य प्रदेश पुलिस एवं आवाज मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में हम होंगे कामयाब अभियान के तहत पीसीपीएनडीटी एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश महेश कुमार शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सचिव दिनेश सिंह राणा, जिला चिकित्सा अधिकारी ममता तैमूर,महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी एवं चंद्र प्रकाश शुक्ला के द्वारा सरस्वती जी का पूजन एवं माल्या अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया कार्यशाला की रूपरेखा आवाज की जिला समन्वयक द्वारा प्रस्तुत की गई इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अभियान के उद्देश्यों को बताया गया इसके उपरांत पीसीपीएनडीटी समिति के नोडल अधिकारी डॉ अभिषेक यादव ने समिति की कार्य प्रणाली पर बात रखी इसी क्रम में आवाज के जिला समन्वयक द्वारा पीपीटी के माध्यम से लिंगानुपात में अंतर के भविष्य में संभावित परिणाम पर प्रस्तुतीकरण दिया गया और किस प्रकार हम रोकथाम के माध्यम से सुधार ला सकते हैं विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में सभी स्टेकहोल्डर को एक साथ मिलकर प्रयास करने होंगे तभी इस समस्या को काम किया जा सकेगाद्य कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण कर सभी का आभार व्यक्त कार्यशाला का समापन किया गया।

# परामर्शदात्री बैठक एवं जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**-कलेक्टर श्री कोचर की अध्यक्षता में संपन्न**

**-बैंकर्स को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 11 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में बैंकर्स की माह सितंबर 2024 तिमाही की परामर्शदात्री बैठक एवं जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री कोचर द्वारा सभी बैंकर्स को पीएमएफएमई, संत रविदास, भीमराव अंबेडकर, पीएम स्वनिधि, एवं सभी शासकीय योजनाओं के प्रकरणों को अति शीघ्र निराकृत करने के लिये निर्देशित किया गया। पीएमएफएमई के प्रकरणों को बैंकों द्वारा बिना किसी कारण निरस्त करने पर कलेक्टर श्री कोचर ने लीड बैंक अधिकारी नरेंद्र सोनी को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, आरबीआई से नवीन सिंह, नाबार्ड से अभिषेक घोष, मध्यांचल ग्रामीण बैंक से क्षेत्रीय प्रबंधक चेतन सिंह ठाकुर, एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय से अनुराग जी, मुख्य प्रबंधक एसबीआई आशीष रावत, मुख्य प्रबंधक यूनियन बैंक आदर्श चतुर्वेदी, बैंक ऑफ़ इंडिया से शैलेंद्र साहू के साथ दमोह ब्लॉक एवं सभी बैंकों के जिला समन्वय अधिकारियो के साथ सभी शासकीय योजनाओं के जिला अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# निमाड़ के प्रसिद्ध संत श्री सियाराम बाबा जी का जाना संत समाज और आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति- राज्यमंत्री श्री लोधी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 11 दिसम्बर। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने निमाड़ के प्रसिद्ध संत सियाराम बाबा के ब्रह्मलीन होने पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त, निमाड़ के प्रसिद्ध संत श्री सियाराम बाबा जी के ब्रह्मलीन होने का समाचार अत्यंत दुःखद है, उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मां नर्मदा की सेवा में समर्पित कर दिया, सियाराम बाबा जी का जाना अपूरणीय क्षति है। परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा उनके भक्तों को दु:ख की इस कठिन घड़ी में सम्बल प्रदान करें।

# पंचायतों में नियमित हो डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन- किरन चौधरी

**-डीपीआरओ स्वच्छ भारत अभियान व विकास कार्यों के लिए एडीओ पंचायत के साथ की बैठक**

**-ई रिक्शा का संचालन नियमित हों, जो कर्मी पंचायतों के कार्य नहीं कर रहा उनको तुरंत हटाया जाए**



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने व विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक कराने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी ने अपने कार्यालय में सभी ब्लाकों के एडीओ पंचायत के साथ बैठक करके डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने पंचातयों में ई रिक्शा का संचालन नियमित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा आरआरसी व वर्मी कम्पोस्ट बनाना प्रत्येक गांव सभा में संचालित हो।

डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूर्व ही अपने फील्ड में पहुंच जाए। यह देखें कि कि ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का संचालन हो रहा है या नहीं, पंचायत घर पर केयर टेकर उपस्थित है या नहीं, सफाई कर्मी गांवों में नियमित सफाई कर रहे हैं या नहीं। ई रिक्शा डोर टू डोर घरों से कूड़ा कलेक् शन कर रहे हैं या नहीं। जो लापरवाही बरत रहे हैं उसकी सूचना डीपीआरओ कार्यालय को दें ताकि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में वर्ष 2024- 2025 के तहत ठोस अवशेष प्रबंधन के कार्य दिसम्बर के अंत तक पूरा अवश्य करा लें।

श्रीमती चौधरी ने सभी एडीओ से कहा कि गांवों में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए तकनीकि इंजीनियर को साथ लेकर चले। ताकि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा हो सके। पंचायत सहायक व पंचायत के केयर टेकर कार्य नहीं कर रहे हैं उनकी सेवाएं समाप्त करें। जो शत प्रतिशत सेवा नहीं दे रहे हैं ऐसे कर्मियों को हटा दिया जाए। उनके स्थान पर पुनः नया चयन करने की कार्रवाई करें। बैठक में एडीओ श्याम सुंदर सारस्वत, एडीओ मथुरा ललतेश कुमार शर्मा, प्रभारी एडीओ छाता बच्चू सिंह, एडीओ राया संजीव शर्मा आदि एडीओ उपस्थित थे।

# गीता महोत्सव के जिला स्तरीय आयोजन में हुआ सामूहिक गीता का पाठ

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। ओरछा। संपूर्ण प्रदेश में गीता जयंती के उपलक्ष में आयोजित हो रहे गीता महोत्सव के क्रम में निवाड़ी जिले में भी जिला स्तरीय आयोजन भगवान श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में बेतवा नदी के किनारे कंचना घाट पर आयोजित किया गया जहां गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर आयोजन के नोडल अधिकारी डीपीसी राजेश पटेरिया एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग राघव पटसारिया के द्वारा बेहद आकर्षक सजावट की गई तथा आयोजन स्थल पर गीता के उपदेशों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई इसके साथ-साथ गीता महोत्सव के अवसर पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा गीता उपदेशों पर आधारित बेहद सुंदर रंगोली कंचना घाट पर सजाई गई। इसके साथ-साथ जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय महाविद्यालय में भी गीता महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कर्म योग के बारे में समझाया गया तथा गीता के उपदेशों का वाचन किया गया इसके साथ-साथ महाविद्यालय में आयोजित गीता महोत्सव में भगवान श्री कृष्ण के गीता ज्ञान के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। गीता महोत्सव के जिला स्तरीय आयोजन में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ नगरवासी उपस्थित रहे।

***गीता जयंती के जिला स्तरीय आयोजन स्थल को लेकर उठे सवाल***

मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा संपूर्ण प्रदेश में गीता जयंती के अवसर पर गीता महोत्सव मनाए जाने के निर्देश दिए गए थे जिसमें संपूर्ण प्रदेश में जिला स्तर पर तथा ग्रामीण स्तर पर भगवान कृष्ण और गीता ग्रंथ पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाने थे इसी क्रम में निवाड़ी जिले में भी गीता जयंती का जिला स्तरीय आयोजन भगवान श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में बेतवा नदी के किनारे कंचना घाट पर आयोजित किया गया जिसको लेकर जिले में कई तरह के सवाल खड़े किए गए। गीता जयंती के आयोजन स्थल को लेकर अनेक धर्म प्रेमियों ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि ओरछा भगवान श्री राम राजा सरकार की नगरी है जो संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है और आज का गीता महोत्सव का आयोजन भगवान श्री कृष्णा के मंदिरों में किया जाना था जिसके लिए निवाड़ी जिले में गीता जयंती के जिला स्तरीय आयोजन के लिए ग्राम वीर सागर में स्थित भगवान कृष्ण के ऐतिहासिक मंदिर पर गीता जयंती का आयोजन किया जाना चाहिए था जिससे ग्राम वीर सागर में स्थित वर्षों पुराने भगवान श्री कृष्ण के मंदिर के इतिहास को जानने का अवसर आमजन को मिलता तथा वीर सागर में स्थित भगवान श्री कृष्ण के ऐतिहासिक मंदिर का चयन आयोजन स्थल के लिए किया जाता तो मंदिर का भी जीर्णोद्धार होता। धर्म प्रेमियों ने बताया कि जिस तरह ओरछा में भगवान श्री राम राजा सरकार के मंदिर का इतिहास है उसी तरह वीर सागर में स्थित भगवान श्री कृष्ण के मंदिर का भी इतिहास रहा है और गीता महोत्सव का आयोजन यदि भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में किया जाता तो बहुत ही उचित होता।

***उरई जालौन जैसी स्थिति बन रही निवाड़ी जिले की***

उत्तर प्रदेश के उरई जालौन जैसी स्थिति अब निवाड़ी जिले की भी हो रही है उत्तर प्रदेश में जहां जिला मुख्यालय जालौन है लेकिन सभी जिला स्तरीय कार्यालय एवं जिला स्तरीय विभिन्न आयोजन उरई में ही आयोजित होते हैं इसी तरह निवाड़ी में भी उरई जालौन जैसी स्थिति बन रही है जहां जिला मुख्यालय निवाड़ी है लेकिन जिले में आयोजित हो रहे विभिन्न धार्मिक राजनैतिक एवं सामाजिक जिला स्तरीय आयोजन ओरछा में ही आयोजित किए जाने की परंपरा बनती जा रही है। जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का निवास स्थान ओरछा में रहने से सभी धार्मिक राजनैतिक सामाजिक एवं शैक्षणिक जिला स्तरीय गतिविधियों का केंद्र ओरछा ही रहता है जबकि निवाड़ी जिला मुख्यालय होने के बाद भी विकासखंड स्तरीय आयोजन जिला मुख्यालय पर होते हैं और आज भी भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित गीता महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन भी ओरछा में बेतवा नदी के किनारे कंचना घाट पर आयोजित किया गया जबकि यह आयोजन भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में आयोजित किया जाना चाहिए था।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने किया प्रतिभाग




परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा श्रीमती प्रतिभा शर्मा राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जनपद मथुरा का भ्रमण किया गया। मंत्री के द्वारा वृंदावन स्थित रामकली सरस्वती बालिका विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा किया गया।

इस कार्यक्रम में मंत्री के द्वारा जनपद में कक्षा 10 और कक्षा 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली यूपी बोर्ड की प्रथम छात्रा को 11000/- रूपये, द्वितीय छात्रा को 7000/- रूपये व तृतीय छात्रा को 5000/- रूपये एवं चेक देकर सम्मानित किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के माध्यम से गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मंत्री ने गोद भराई और अन्नप्राशन किया।

उक्त कार्यक्रम के उपरान्त राज्य मंत्री के द्वारा मथुरा स्थित राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण किया गया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में श्रीमती बुद्धि मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी, विकास चंद्र जिला प्रबेशन अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की टीम व जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम, वन स्टाफ सेंटर यूनिट 1 2 तथा रामकली सरस्वती बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# स्टेशन के आगे पाखी पुल पर हुआ भीषण सड़क हादसा, एक की मौत

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। निवाड़ी पृथ्वीपुर मार्ग पर स्टेशन के आगे स्थित पाखी पुल पर आमने-सामने आ रहे ट्रक और दो पहिया वाहन की भीषण टक्कर में दो पहिया वाहन पर बैठे एक व्यक्ति की मौत हुई है जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताए जा रहा है। सड़क हादसे में मृतक और घायल की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड से की गई जिसमें मृतक और घायल दोनों पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चौमौ के बताए गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक टीकमगढ़ की ओर से आ रहा था जबकि दो पहिया वाहन पर बैठे श्यामलाल कुशवाहा एवं पूरन कुशवाहा पृथ्वीपुर की ओर जा रहे थे और पाखी पुल के पास ट्रक और दो पहिया वाहन की आमने-सामने टक्कर हुई जिसमें दो पहिया वाहन पर बैठे एक व्यक्ति की मौत हुई है जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम के द्वारा मृतक और घायल व्यक्ति की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड से की गई। घटना में घायल और मृतक की जेब से आधार कार्ड की फोटो एक न्यायालय तारीख की पर्ची दो मोबाइल तथा 130 रुपए भी मिले हैं। जेब में मिली न्यायालय तारीख की पर्ची से ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक और घायल दोनों ही न्यायालय में पेशी करके वापस अपने घर जा रहे थे और इसी बीच पाखी पुल पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग गया जबकि मोटरसाइकिल पर सवार मृतक और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर किया गया।

# मंगलमय हो मिलन तुम्हारा - शुभम संग शालिनी



परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। छतरपुर नगर के प्रतिष्ठित पत्रकार परिवार के सदस्य श्रीमती पुष्पा श्री राजकुमार सोनी जी के सुपुत्र चि. शुभम का शभविवाह निवासी छतरपुर के सुपुत्री सौ. कां. शालिनी के साथ छतरपुर सैफरॉन लान पुलिस लाईन के पास होटल में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शादी एवं रिसेप्शन के इस शुभ अवसर पर वर एवं कन्या पक्ष के नाते रिश्तेदार, इष्टमित्र शामिल हुये जिन्होंने वर एवं कन्या को शुभाशीष प्रदान किया। मंगल परिणय की इस मधुर बेला पर दैनिक परिहार गर्जना परिवार खुशी जाहिर करते हुये नवविवाहित जोड़ें के सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामना करता है। एवं दूल्हे के भाईया व भाभी श्रीमती शिवानी श्री सत्यम ने इस अवसर पर शुभाआशी प्रदान की किया मतंगेश्वर बाबा से प्रार्थना करता हूं कि हमेशा आप लोगों की जोड़ी सलामत रहे बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं दी।

# खजुराहो फिल्म महोत्सव के छठवें दिन हुआ पंजाब का भांगड़ा नृत्य एवं असम का बिहू

## कार्यक्रम में शामिल हुये प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह





**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो फिल्म महोत्सव की छठवीं शाम पंजाब का भांगड़ा तथा असम का प्रसिद्ध बिहू लोकनृत्य की प्रस्तुति हुई जिसमें प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह बतौर अतिथि शामिल हुये। इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है जिसमें परी नामदेव जी द्वारा नृत्य प्रस्तुति,आयुषी खरे जी द्वारा नृत्य प्रदर्शन,दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा जिंदुआ नृत्य प्रदर्शन,दक्षिण मध्यक्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा बिहू नृत्य प्रदर्शन अतिथियों को फिल्म फेस्टिवल के संयोजक राजा बुंदेला तथा अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया मुख्य अतिथि गोविंद सिंह राजपूत , कैबिनेट मंत्री - खाद, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्य प्रदेश शासन,कबीर बेदी , अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि अभिनेता,अशोक मिश्रा जी, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निदेशक,श्रीमती नवनी परिहार , अभिनेत्री, सिमरनजीत सिंह , श्रीमती अमृता त्रिपाठी , मिसेज यूनिवर्स, मिसेज मिडिल एशिया और मिसेज इंडिया ,डॉ. ऋषि द्विवेदी, शिशु रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल छतरपुर,सुश्री काइल लोफ्टस, स्कॉलर, ओहियो, यूएसए ( गणित में पीएचडी कर रही हैं) , सुश्री सृष्टि सिंह जी, स्कॉलर, मिसौरी विश्वविद्यालय, बॉबी राजा बुंदेला भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष का हुआ सम्मान मंच के द्वारा किया गया यूएसए ( गणित में पीएचडी कर रही हैं , अंगना ग्रुप, ग्वालियर द्वारा लाइट एंड साउंड शो सती लीला, निर्देशक- श्री अनिरुद्ध जी,दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा भांगड़ा नृत्य प्रदर्शन किया गया।

# दिव्यांगों के जीवन को बेहतर बनाने निर्वाणा फाउंडेशन ने लाखों के पैकेज को मार दी ठोकर- धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

## फाउंडेशन के आश्रम की रखी गयी आधारशिला





छतरपुर। बोलने वाले बहुत हैं लेकिन दिव्यांगों, मूकबधिरों की करूण व्यथा को सुनने वाले कम ही होते हैं। ईश्वर की प्रेरणा से निर्वाणा फाउण्डेशन के संजय सिंह ने दिव्यांगों के जीवन को बेहतर करने के लिए लाखों रूपए के पैकेज को ठोकर मार दी। यह बात बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने उस वक्त कही जब वे निर्वाणा फाउण्डेशन के आश्रम की आधारशिला रख रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू, समाजसेवी लोकपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बागेश्वर धाम के समीप गढ़ा तिराहा से कुछ दूरी पर समाजसेवी संस्था निर्वाणा फाउण्डेशन का आश्रम बनाए जाने के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन करने पहुंचे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराजश्री ने कहा कि संजय सिंह ने उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का बीड़ा उठाया है जो इस धरती में आने के बाद भी गुमनाम है। दिव्यांगों को बोलना और जिन्हें कोई नहीं जानता उनका नाम सभी तक पहुंचाने का दायित्व संजय सिंह निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम के समीप आश्रम बनने से मानवता और आध्यात्म का समागम होगा। जहां एक ओर बागेश्वर धाम से आध्यात्म की गंगा बह रही है और जनकल्याण हो रहा है वहीं निर्वाणा फाउण्डेशन उन बच्चों, महिलाओं और पुरूषों को सहारा देगा जिनकी कोई पहचान ही नहीं है। कार्यक्रम के प्रारंभ में वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना हुई। पूर्व विधायक पज्जन चतुर्वेदी ने महाराजश्री को पगड़ी पहनायी। बिजावर विधायक ने श्रीराम दरबार की प्रतिमा और शॉल-श्रीफल भेंट किया। बबलू शुक्ला ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उनकी विधानसभा में यह आश्रम बन रहा है जो भी संभव मदद होगी वह करने के लिए तत्पर रहेंगे। फाउण्डेशन के कर्ताधर्ता संजय सिंह ने अपने उद्बोधन में पिछले एक दशक की संस्था की यात्रा के बारे में उन्होंने बताया कि किन परिस्थितियों में यह फाउण्डेशन तैयार होकर यहां तक पहुंचा है।

***दिव्यांग बच्चियों ने बनाए दीपक,***

***महाराजश्री ने की सराहना***

भूमिपूजन अवसर पर बागेश्वर महाराज ने इस आश्रम में रहने वाले 75 लोगों के परिवार की सराहना की। उन्होंने दिव्यांगों द्वारा बनाए गए दीपकों की सराहना करते हुए कहा कि बागेश्वर धाम में होने वाले सामूहिक कन्या विवाह के अवसर पर इन दीपकों को कन्याओं को भेट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चियों की कला अद्भुत है। बच्चियों ने हम होंगे कामयाब गीत सुनाकर सबकी आंखें गीली कर दीं।

### गंभीर बीमारी से पीड़ित तीन लोगों के उपचार हेतु 85 हजार मंजूर

छतरपुर। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 3 लोगों को बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से हितग्राहियों को 85 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही हीरा सिंह लोधी निवासी वार्ड नं 12 ग्राम सुनवाहा को 25 हजार, विमला अहिरवार निवासी वार्ड 14 मजरा कोड़न तहसील बिजावर एवं बाबूलाल साहू वार्ड नं.2 राजनगर फौजदार मोहल्ला जिला छतरपुर को 30- 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

# अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस की मुहिम जारी

## सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे 8 लोग गिरफ्तार, 30 लीटर शराब जप्त

छतरपुर। छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है। विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान जिले के नगरीय एवं ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ एवं नशाखोरों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अवैध शराब विक्रेता, सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 30 लीटर से अधिक अवैध शराब जप्त की गई।



थाना नौगांव क्षेत्र अंतर्गत आरोपी महेश रिछारिया पिता अशोक रिछारिया निवासी ग्राम मानपुरा थाना नौगांव से 3.6 लीटर अवैध शराब एवं राधारमण सेन निवासी मऊरानीपुर से 5.50 लीटर से अधिक शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सार्वजनिक स्थान में नशाखोरी कर रहे आरोपी जयकरण चौबे निवासी ग्राम सुनाटी को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की गई।

थाना बड़ा मलहरा पुलिस ने अवैध शराब के आरोपी संतोष चढ़ार पिता गणपत निवासी सेंधपा के पास से अवैध मादक पदार्थ पदार्थ शराब 5 लीटर जप्त कर कार्यवाही की। थाना चंदला से आरोपी रामहेत पिता प्रागीलाल निवासी चंदला से 4.5 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। थाना गुलगंज से आरोपी बृजेंद्र अहिरवार पिता लक्ष्मण निवासी ग्राम सरोरा से 3.6 लीटर शराब जप्त की गई। थाना भगवा से आरोपी नंदराम अहिरवार पिता बारेलाल निवासी ग्राम खरदुती से 4.5 अवैध शराब जप्त की गई। थाना बमीठा से आरोपी लखन रैकवार पिता बबलू ग्राम रनगुवा के पास से 3.8 लीटर अवैध शराब जप्त की गई।

उक्त आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया। यातायात पुलिस द्वारा नशे में वाहन चलाकर दुर्घटना प्रभावी वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की जा रही है। चेकिंग के दौरान अल्कोहल पुष्टि पाए जाने पर 4 वाहन चालकों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की जा रही है, प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

***जिला मुख्यालय में खुलेआम हो रही है नशाखोरी***

सागर रोड पर संचालित शराब ठेके के आसपास 24 घंटे दारूखोरों का सार्वजनिक स्थानों पर जमघट लगा रहता है जिससे यहां के निवासियों का जीना हराम हो गया है लेकिन अफसोस की बात यह है कि एसपी द्वारा मादक पदार्थों के विरूद्ध अभियान चलाये जाने के बावजूद सिविल लाइन थाना पुलिस इस इलाके के नशेड़ियों को पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है जबकि पुलिस किसी भी समय विराज गार्डन के पीछे पड़े खुले मैदान में अथवा मोहल्लों में दविश दे तो दो-चार नशेड़ी निश्चित रूप से पकड़ में आ जायेंगे। इस इलाके के निवासियों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# युवक द्वारा स्कूल के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या

छतरपुर। बुधवार की दोपहर 1 बजे एक मामला सामने आया है जिसमें एक युवक ने स्कूल के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। युवक नशे का आदी था इसीलिए उसकी पत्नी 3 साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी उसके घर में वृद्ध मां और युवक रहता था पिता की कुछ साल पहले सांप के काटने से मौत हो चुकी है। सफाई कर्मी ने सुबह स्कूल खोला तो उसको एक बॉडी जंगला से रस्सी के सहारे लटका दिखाई दी उसने गांव के सरपंच सहित पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मृतक की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए राजनगर अस्पताल भेजा है वहीं थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार गयाप्रसाद उर्फ बॉस पिता स्व चंपा पटेल उम्र 32 निवासी ग्राम झमटुली का रहने वाला है। युवक नशे का आदी था इसीलिए उसकी पत्नी 3 साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। उसके घर में वृद्ध मां रामरती के साथ गयाप्रसाद रहता था पिता चंपा की कुछ साल पहले सांप के काटने से मौत हो चुकी है। सफाई कर्मी ने सुबह स्कूल खोला तो उसको एक बॉडी स्कूल की बाउंड्री के अंदर जंगला से रस्सी के सहारे लटकी दिखाई दी, उसने गांव के सरपंच सहित पुलिस को जानकारी दी पुलिस ने मृतक की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए राजनगर अस्पताल भेजा है वहीं थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोतिय ने बताया कि युवक ने स्कूल के किचन के पास रस्सी के सहारे फांसी लगाई थी जिसका राजनगर अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है अभी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है जांच के बाद ही मामला सामने आएगा। एसपी आगम जैन ने बताया कि मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम किया जा रहा है अभी पारिवारिक कारण ही मौत की वजह लग रही है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321